दैनिक भास्कर, अलवर

कॉलेज में निर्वाचन प्रणाली पर वेबिनार आयोजित हुई

२४ दिस. 2020

बहरोड़ | राजकीय धर्मचंद गांधी जैन पीजी महाविद्यालय में बुधवार को निर्वाचन प्रणाली विषय पर वेबिनार आयोजित की गई। जिसमें सह आचार्य डॉ. विनय सिंह यादव द्वारा महाविद्यालय में स्थापित निर्वाचक साक्षरता क्लब एवं विभिन्न देशों में प्रचलित निर्वाचन प्रणालियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। डॉ. रश्मि पारीक के द्वारा विज्ञान विषय प्रायोगिक के बारे में जानकारी दी गई। कॉलेज प्राचार्य डॉ. अमिता सारस्वत ने बताया कि कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय के वेबिनार का आयोजन हर सप्ताह किया जा रहा है। जिसमें शैक्षणिक एवं सामाजिक महत्व विषय के संबंध में जानकारी दी जा रही है।